राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस नोट

1884

दिनांक—18.12.2014

07 जनवरी से शुरू होंगे आर. ए. एस. के साक्षात्कार

राजस्थान लोक सेवा आयोग में आज फुल कमीशन की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. आर. डी. सैनी, सदस्य एस. एल. मीणा, डॉ. के. आर. बागड़िया एवं सचिव नरेश कुमार ठकराल ने भाग लिया। कमीशन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आर. ए. एस. के साक्षात्कार आगामी 07 जनवरी से शुरू किये जायेंगे।

ज्ञातव्य है कि आयोग ने आर. ए. एस. परीक्षा—2012 का परिणाम जनवरी, 2014 में घोषित कर दिया था। इसके बाद 03 मार्च, 2014 से इसके साक्षात्कार होने थे। इसका कार्यक्रम भी घोषित कर दिया गया था किन्तु माननीय न्यायालय ने इस पर रोक लगा दी थी। अब माननीय न्यायालय ने आयोग को साक्षात्कार करवाने एवं अभिस्तावना सरकार को भिजवाने की अनुमति दे दी है। इसी क्रम में आज सम्पन्न हुई सम्पूर्ण आयोग की बैठक में साक्षात्कार 07 जनवरी, 2015 से प्रारम्भ किये जाने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार आर. ए. एस. भर्ती परीक्षा—2012 के साक्षात्कार का कार्यक्रम निर्धारित किया जा रहा है।

(नरेश कुमार ठकराल)
सचिव